हस्ताक्षर

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 40
Number of Pages in Booklet : 40

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

**Paper Code : 84**

# ALP-23

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । **Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड/
**Question Booklet No. & Barcode**

**376313**

## Sub : Philosophy-II
## Paper-II

**समय : 03 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :

- प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है ।
- प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**

- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
7. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
8. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**

9.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**

10. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
11. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
12. मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
6. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
7. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
8. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**

9.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**

10. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions, shall be disqualified.**
11. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
12. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति । परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।

1. किस रचना या रचनाओं में विट्गेन्सटाइन अनिवार्यतत्त्ववाद (सार तत्त्ववाद) की आलोचना करते हैं ?

(1) ट्रैक्टेटस – लॉजिको फिलोसोफिक्स; और फिलोसोफिकल इन्वेस्टिगेशन्स

(2) ब्ल्यु एण्ड ब्राउन बुक्स और फिलोसोफिकल इन्वेस्टिगेशन्स

(3) ट्रैक्टेटस – लॉजिको फिलोसोफिक्स और ब्ल्यु एण्ड ब्राउन बुक्स

(4) ट्रैक्टेटस – लॉजिको फिलोसोफिक्स

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. बौद्धिक प्रतिमान के मानवीय स्वामित्व के सन्दर्भ में सही वर्गीकरण क्या है ?

**मनुष्य बौद्धिक प्रतिमान के स्वामी के रूप में**

| | कांट | | फिक्टे |
|---|---|---|---|
| (1) | नहीं है | – | है |
| (2) | नहीं है | – | नहीं है |
| (3) | है | – | नहीं है |
| (4) | है | – | है |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. ह्यूम वैयक्तिक तादात्म्यता की व्याख्या किस प्रकार करते हैं ?

(1) तार्किक अर्थों में

(2) ज्ञानमीमांसीय अर्थों में

(3) मनोवैज्ञानिक अर्थों में

(4) नैतिक अर्थों में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. अरस्तू यह क्यों प्रतिपादित करते हैं कि सामान्य और विशेष अपृथक हैं ?

(1) वस्तुओं की द्वन्द्वात्मक प्रकृति के कारण

(2) सामान्य वस्तुओं के सारतत्त्व होने के कारण

(3) ज्ञान की संभावना के कारण

(4) नैतिकता की संभावना के कारण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. In which work or works Wittgenstein does attack on essentialism ?

(1) Tractatus-Logico Philosophicus and philosophical investigations

(2) Blue and Brown books and philosophical investigations

(3) Tractatus-Logico Philosophicus and Blue and Brown books

(4) Tractatus-Logico Philosophicus

(5) Question not attempted

2. What is the correct classification with regard to the human possession of Intellectual Intuition ?

**Man as Possessor of Intellectual Intuition**

| | Kant | | Fichte |
|---|---|---|---|
| (1) | No | – | Yes |
| (2) | No | – | No |
| (3) | Yes | – | No |
| (4) | Yes | – | Yes |

(5) Question not attempted

3. How does Hume explain personal identity ?

(1) In logical terms

(2) In epistemological terms

(3) In psychological terms

(4) In moral terms

(5) Question not attempted

4. Why does Aristotle propound that universal and particular are inseparable ?

(1) Due to the dialectical nature of things.

(2) Due to the universals being essences of things.

(3) Due to the possibility of knowledge.

(4) Due to the possibility of morality.

(5) Question not attempted

5. उपोत्पादवाद (Epiphenomenalism) क्या है ?
(1) मानसिक घटनाओं में भौतिक घटनाओं के प्रति कोई अर्थक्रिया कारित्व नहीं है ।
(2) भौतिक घटनाओं में मानसिक घटनाओं के प्रति कोई अर्थक्रिया कारित्व नहीं है ।
(3) बिन्दु मानसिक घटनाओं में भौतिक घटनाओं के प्रति कोई अर्थक्रिया कारित्व नहीं है और भौतिक घटनाओं में मानसिक घटनाओं के प्रति कोई अर्थक्रिया कारित्व नहीं है, दोनों सत्य हैं ।
(4) बिन्दु मानसिक घटनाओं में भौतिक घटनाओं के प्रति कोई अर्थक्रिया कारित्व नहीं है और भौतिक घटनाओं में मानसिक घटनाओं के प्रति कोई अर्थक्रिया कारित्व नहीं है, दोनों असत्य हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. प्लेटो के अनुसार ज्ञान के वास्तविक विषय हैं
(1) तत्वमीमांसीय द्रव्य (2) गणितीय सत्ताएँ
(3) बुद्धि जनित प्रत्यय (4) आनुभविक विषय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. अरस्तू के अनुसार गति और परिवर्तन की श्रेष्ठ व्याख्या है
(1) यान्त्रिक (2) प्रयोजनवादी
(3) प्राकृतिक (4) यादृच्छिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. माना कि यह एक आगंतुक तथ्य है कि पुरुष एक सदेह आत्मा है और आत्मा अमर है, तो वैयक्तिक तादात्म्यता का अर्थ क्या है ?
(1) चेतना का सातत्य सदा के लिए
(2) एक के बाद दूसरे जीवन में चेतना के देहधारीपने का सातत्य सदा के लिए
(3) संदेह या विदेह अन्वित चेतना का सातत्य सदा के लिए
(4) एक के बाद दूसरे जीवन में अन्वित देहधारी चेतना का सातत्य सदा के लिए
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. What is epiphenomenalism ?
(1) Mental events have no causal efficacy with respect to physical events.
(2) Physical events have no causal efficacy with respect to mental events.
(3) Mental events have no causal efficacy with respect to physical events and Physical events have no causal efficacy with respect to mental events both are true.
(4) Mental events have no causal efficacy with respect to physical events and Physical events have no causal efficacy with respect to mental events both are false.
(5) Question not attempted

6. According to Plato the real objects of knowledge are
(1) Metaphysical substances
(2) Mathematical entities
(3) Ideas created by the intellect
(4) Empirical objects
(5) Question not attempted

7. According to Aristotle, motion and change is best explained as :
(1) Mechanical (2) Teleological
(3) Natural (4) Accidental
(5) Question not attempted

8. Suppose that it is a contingent fact that person is an embodied soul and that soul is immortal, then what would constitute the personal identity ?
(1) Continuity of consciousness forever.
(2) Continuity of embodiment of consciousness one life-span after another forever.
(3) Continuity of connected consciousness with or without embodiment forever.
(4) Continuity of connected embodied consciousness one life-span after another forever.
(5) Question not attempted

9. प्लेटो के अनुसार 'सामान्य' क्या नहीं हैं ?
(1) शाश्वत (2) अपरिवर्तनशील
(3) पूर्ण (4) अंतर्व्याप्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. ईश्वर के अस्तित्व हेतु कौन सा प्रमाण एक्विनास के "पाँच रास्तों" में नहीं है ?
(1) आकस्मिकतामूलक तर्क
(2) गतिमूलक तर्क
(3) प्रयोजनमूलक तर्क
(4) सत्तामूलक तर्क
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. अरस्तू के अनुसार, आकार
(1) सृजन की प्रत्येक क्रिया में सृजित होते हैं ।
(2) निमित्त कारण की प्रयुक्ति द्वारा सृजित होते हैं ।
(3) उपादान कारण में सृजित होते हैं ।
(4) यथार्थता का सिद्धान्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. ह्यूम अस्वीकार करता है कि
(1) अनुभवों की सत्ता है ।
(2) अनुभवों से स्वतंत्र अनुभवकर्ताओं का अस्तित्व होता है ।
(3) प्रत्ययों के सम्बन्ध से निश्चित ज्ञान उत्पन्न होता है ।
(4) तथ्यों के विषय निश्चित ज्ञान उत्पन्न नहीं कर सकते ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. देकार्त को द्वैतवादी स्वीकार किए जाने का मुख्य आधार है उसका
(1) ईश्वर और जगत की सत्ता में विश्वास
(2) मनस और शरीर की सत्ता में विश्वास
(3) प्रत्यय और अस्तित्व में विश्वास
(4) स्पष्ट और सुभिन्न प्रत्यय के अस्तित्व में विश्वास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. सत्ता को पूर्णता से निगमित करने वाली तर्कणा कहलाती है
(1) सृष्टिमूलक प्रमाण या तर्क
(2) मूल्यमीमांसीय प्रमाण या तर्क
(3) सत्तामूलक प्रमाण या तर्क
(4) कारण मूलक प्रमाण या तर्क
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. The 'universals' according to Plato are not
(1) Eternal (2) Unchanging
(3) Perfect (4) Immanent
(5) Question not attempted

10. Which proof for God's existence is not in one of the "Five Ways" of Aquinas ?
(1) Argument from Contingency
(2) Argument from Motion
(3) Teleological Argument
(4) Ontological Argument
(5) Question not attempted

11. According to Aristotle, forms are
(1) created in every act of creation
(2) created by employment of efficient cause
(3) created in the material cause
(4) the principle of reality
(5) Question not attempted

12. Hume rejects
(1) Existence of experiences
(2) Existence of experiences independent of experiencers
(3) Relations of ideas brings certain knowledge
(4) Matters of facts cannot produce certain knowledge
(5) Question not attempted

13. Descartes is considered a Dualist primarily on the ground of his belief in the existence of
(1) God and the World
(2) Mind and Body
(3) Idea and Existence
(4) Clear and Distinct idea
(5) Question not attempted

14. Reasoning which derives existence from perfection is called
(1) Cosmological proof or argument
(2) Axiological proof or argument
(3) Ontological proof or argument
(4) Causal proof or argument
(5) Question not attempted

15. प्लेटो और अरस्तू सहमत हैं
(1) दो पृथक जगतों के विचार पर
(2) प्रत्यय जगत के खण्डन पर
(3) सामान्यों और विशेषों की अपृथकनीयता पर
(4) शाश्वतपूर्ण सत्ता और निरन्तर परिवर्तनशील जगत की अवधारणा पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. शक्ति के केन्द्र के रूप में, लाइब्नीत्ज़ के अनुसार चिद्णु क्या हैं ?
(1) भौतिक शरीर
(2) तत्वमीमांसीय सत्ताएँ
(3) गणितीय बिन्दु
(4) देश और काल में अवस्थित द्रव्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. लॉक और बर्कले दो अनुभववादी का इस मान्यता पर मतभेद हैं कि
(1) समस्त ज्ञान का स्रोत अनुभव है ।
(2) ज्ञान के विषय प्रत्यानुभूति के विषय हैं ।
(3) ज्ञान के विषय बाह्य जगत में अवस्थित हैं ।
(4) ईश्वर के अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. देकार्ते के अनुसार ज्ञाता के मनस में विद्यमान ईश्वर का प्रत्यय नहीं है
(1) सहजात प्रत्यय
(2) पूर्णतया स्पष्ट और पूर्णतया सुभिन्न
(3) तर्कणा द्वारा उत्पन्न
(4) स्वयं ईश्वर द्वारा किया गया कार्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. द्रव्य कुछ है, मैं नहीं जानता वह क्या है ?
(1) लॉक के अनुभववाद को क्षीण करता है ।
(2) लॉक के अनुभववाद को सुदृढ़ करता है ।
(3) लॉक के अनुसार जड़ के अस्तित्व को नकारता है ।
(4) लॉक के अनुसार ईश्वर के अस्तित्व को नकारता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. Plato and Aristotle agree upon
(1) the idea of two different worlds
(2) refutation of the world of ideas
(3) inseparability of universals and particulars
(4) conception of eternally perfect being and constantly changing world
(5) Question not attempted

16. Monads, as centers of force, according to Leibnitz are
(1) Physical bodies
(2) Metaphysical entities
(3) Mathematical points
(4) Substances in space and time
(5) Question not attempted

17. Locke and Berkeley, the two empiricists differ in maintaining that
(1) Experience is the source of all knowledge.
(2) The objects of knowledge are the objects of perception.
(3) The objects of knowledge exist in the external world.
(4) The existence of God is undeniable.
(5) Question not attempted

18. According to Descartes, the idea of God in knowers mind is not
(1) an innate idea
(2) absolutely clear and absolutely distinct
(3) a product of reasoning
(4) caused by God himself
(5) Question not attempted

19. 'Substance is something I know not what'
(1) Weakens Locke's empiricism
(2) Strengthens Locke's empiricism
(3) Negates the existence of matter according to Locke
(4) Negates the existence of God according to Locke
(5) Question not attempted

20. देकार्त के विचार में, मैं ईश्वर के प्रत्यय का कारण नहीं हो सकता क्योंकि मैं अपूर्ण हूँ । यह कौन सा तर्क है ?

(1) सत्तामूलक (2) कारणात्मक

(3) प्रयोजनमूलक (4) नैतिकतामूलक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. ईश्वर के अनन्त गुणों में से, स्पिनोज़ा के अनुसार मनुष्य कितने गुणों को जान सकता है ?

(1) एक (2) दो

(3) एक भी नहीं (4) सभी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. जॉन डिवी के अनुसार जानने की प्रक्रिया

(1) अपने विषय की निष्क्रिय और तटस्थ रूप से प्रत्यक्षीकरण की प्रक्रिया है ।

(2) अपने विषय को सक्रिय और प्रायोगिक विधि से जानने की प्रक्रिया है ।

(3) विशुद्ध रूप से बौद्धिक प्रक्रिया है तथा इन्द्रियानुभव हमें कोई ज्ञान प्रदान नहीं कर सकता ।

(4) मात्र आभासों तक ही सीमित है तथा परमार्थ सत्ता का ज्ञान नहीं हो सकता ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. प्लेटो गणितीय ज्ञान को श्रेष्ठतम ज्ञान स्वीकार नहीं करते क्योंकि

(1) यह ज्ञान बौद्धिक है ।

(2) यह ज्ञान प्राक्कल्पना पर आधारित है ।

(3) यह असत्य है ।

(4) यह अनिश्चित है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. बर्कले के आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद के अनुसार निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(1) अनुभव के विषय ज्ञेय हैं ।

(2) सत्ता दृष्यता है ।

(3) ज्ञान के लिए बाह्य जगत का अनुभव आवश्यक है ।

(4) ईश्वर अस्तित्वमान है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. According to Descartes, I cannot be the cause of the idea of God, because I am a less perfect being. Which argument is this ?

(1) Ontological (2) Causal

(3) Teleological (4) Moral

(5) Question not attempted

21. Of the infinite attributes of God, how many can a man know according to Spinoza ?

(1) One

(2) Two

(3) None

(4) All the attributes

(5) Question not attempted

22. According to John Dewey the process of knowing is

(1) a passive and neutral observation of its object.

(2) an active and experimental process of knowing of its object.

(3) a purely rational process and sense experience cannot give us any knowledge.

(4) related with only appearance and reality cannot be known.

(5) Question not attempted

23. Plato does not accept mathematical knowledge as highest knowledge because

(1) This knowledge is rational

(2) It is based on hypothesis

(3) It is false

(4) It is uncertain

(5) Question not attempted

24. According to subjective idealism of Berkeley which of the following is incorrect ?

(1) Objects of experience are knowable.

(2) To be is to be perceived.

(3) Experience of the external world is necessary for knowledge.

(4) God exists.

(5) Question not attempted

25. निम्न में से बुद्धिवाद के सन्दर्भ में सही नहीं है :

(1) यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति का साधन जन्मजात प्रत्यय है ।

(2) इन जन्मजात प्रत्ययों का ज्ञान अनिवार्यतया सत्य होता है ।

(3) एक नवजात बालक जगत में आने के क्षण से ही इन जन्मजात प्रत्ययों का प्रत्यक्ष करता है ।

(4) अनुभव वह अवसर प्रदान करता है जबकि मनस अपने स्वयं के प्रकाश द्वारा इन प्रत्ययों की सत्यता का प्रत्यक्ष करता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. लॉक के अनुसार ईश्वर के ज्ञान का साधन है

(1) इन्द्रिय प्रत्यक्ष

(2) अन्तर्निरीक्षण

(3) आध्यात्मिक अनुभूति

(4) निदर्शनात्मक युक्ति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. "प्रामाणिक सत्य विश्वास ज्ञान है" ज्ञान की इस परिभाषा के प्रति गैटियर की क्या आपत्ति है ?

(1) यह ज्ञान की अनिवार्य शर्त नहीं है ।

(2) यह कोटि दोष से मुक्त कथन है ।

(3) यह ज्ञान की पर्याप्त शर्त नहीं है ।

(4) यह ज्ञान की न तो अनिवार्य शर्त है और न ही पर्याप्त शर्त है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. What is not correct for rationalism from the following ?

(1) Source of correct knowledge is innate ideas.

(2) Knowledge of these innate ideas is necessarily true.

(3) New born infant perceives these innate ideas from the moment when he comes in the world.

(4) For realizing such innate ideas experience provides the occasion on which the mind by its own light perceives their truth.

(5) Question not attempted

26. According to Locke source of God's knowledge is

(1) Sense perception

(2) Reflection

(3) Spiritual experience

(4) Demonstrative knowledge

(5) Question not attempted

27. What is Gettier's objection to the definition of knowledge that "Justified true belief is knowledge" ?

(1) It is not a necessary condition of knowledge.

(2) It is not a statement of category mistake.

(3) It is not a sufficient condition of knowledge.

(4) It is neither a necessary condition nor a sufficient condition of knowledge.

(5) Question not attempted

28. ह्यूम एक संशयवादी दार्शनिक हैं क्योंकि वह यह प्रतिपादित करता है कि

(1) यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति के लिये हमें सर्वप्रथम हमारे सभी पूर्ववर्ती विश्वासों पर संशय करना आवश्यक है ।

(2) हम हमारे वस्तुओं के प्रत्यक्ष को जानते हैं लेकिन हम इन वस्तुओं के हमसे स्वतन्त्र अस्तित्व के सम्बन्ध में नहीं जानते । इसलिये बाहरी जगत में इन वस्तुओं की स्वतन्त्र सत्ता सन्दिग्ध है ।

(3) इन्द्रिय प्रत्यक्ष द्वारा हमें अस्पष्ट और अनेक बार भ्रमात्मक ज्ञान प्राप्त होता है । इसलिये इसका सत्य होना सदैव संशयात्मक है ।

(4) इनमें से कोई नहीं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. कांट के अनुसार परमार्थ सत् अज्ञात और अज्ञेय है क्योंकि

(1) आनुभविक सत् से परे परमार्थ सत् का अभाव है ।

(2) मानव ईश्वर की कृति है और ईश्वर ने मानव को परमार्थ सत् को जानने की क्षमता नहीं दी ।

(3) मानव इन्द्रियानुभव को देश और काल के व्यक्तिनिष्ठ आन्तरिक आकारों में व्यवस्थित करके जानता है ।

(4) परमार्थ सत् एक सर्वव्यापक चेतन समष्ठि है और उसे जानने की क्षमता मानव में नहीं है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. रसेल के अनुसार निम्न में से परिचयात्मक ज्ञान के विषय हैं

(1) इन्द्रिय प्रदत्त, जगत के भौतिक पदार्थ, विभिन्न प्राणी

(2) भौतिक पदार्थ, आन्तरिक अनुभूतियाँ, सामान्य

(3) इन्द्रिय प्रदत्त, आन्तरिक अनुभूतियाँ और सामान्य

(4) भौतिक पदार्थ, आत्मा और अन्य मनस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. Hume is a sceptic thinker because he propounds that

(1) for acquiring true knowledge we must firstly doubt to all our previous beliefs.

(2) we only know our perceptions of objects but we don't know about the independent existence of these objects from us. So their independent existence in external world is suspicious.

(3) our sense perception gives us vauge and many times erroneous knowledge, so it's truth is always suspicious.

(4) None of these

(5) Question not attempted

29. According to Kant thing in itself is unknown and unknowable because

(1) Thing in itself does not exist beyond the experienced reality.

(2) Man is a creation of God and God has not given him the power to know the thing in itself.

(3) Man knows only sense experience organizing them in the inner subjective forms of space and time.

(4) Thing in itself is an all pervasive conscious whole and man does not have the capacity to know it.

(5) Question not attempted

30. According to Russell, from the following which are the objects of the knowledge by acquaintance :

(1) sense data, physical objects of the world, various animals

(2) physical objects, inner experience, universals

(3) sense data, inner experiences, universals

(4) physical objects, self and other mind

(5) Question not attempted

31. विलियम जेम्स के अनुसार निम्न में से असत्य है :

(1) सत्य का मानवीय बुद्धि से स्वतन्त्र और वस्तुनिष्ठ अस्तित्व नहीं है बल्कि यह मानव के वस्तुओं से सम्बन्धित विश्वास की विशेषता है ।

(2) सत्य वस्तुनिष्ठ और सार्वभौमिक सत्ता है । कोई व्यक्ति इसे जाने या नहीं जाने, इसका अस्तित्व रहता है ।

(3) अनुभव और प्रयोग की विधि सत्य के अनुसंधान का साधन है ।

(4) एक विश्वास तभी सत्य होता है जबकि यह अपने विषय के अनुरूप होता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. सत्य के संवादिता सिद्धान्त को सह संबंधिता के रूप में कौन प्रतिपादित करता है ?

(1) बर्ट्रेन्ड रसेल
(2) जे.एल. ऑस्टिन
(3) ब्रान्ड ब्लैन्शर्ड
(4) सोल क्रिप्के
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. कांट के अनुसार अनुभवातीत द्वन्द्वन्याय का प्रयोजन है

(1) आत्मा ईश्वर और जगत जैसी तत्त्वमीमांसीय सत्ताओं के यथार्थ स्वरूप को समझने की विधि प्रदान करना ।

(2) तत्त्वमीमांसीय सत्ताओं के ज्ञान का धर्म और नीतिशास्त्र के क्षेत्र में विद्यमान व्यावहारिक उपयोगिता को उद्घाटित करना ।

(3) अतीन्द्रिय सत्ताओं के प्रति विद्यमान भ्रम का समालोचनात्मक उपचार ।

(4) आनुभविक सत्ताओं के स्वरूप की व्याख्या ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. From the following which is false according to William James ?

(1) Truth does not have objective and independent existence from human mind but it is a property of man's beliefs related things.

(2) Truth is an objective and universal reality, it exists whether somebody knows it or not.

(3) Observation and experimental method is the source of enquiry of the truth.

(4) When a belief corresponds with its object, only then it is true.

(5) Question not attempted

32. Who is the propounder of correspondence theory of truth as correlation ?

(1) Bertrand Russell
(2) J.L. Austin
(3) Brand Blanshard
(4) Soul Kripke
(5) Question not attempted

33. According to Kant the purpose of transcendental dialectics is

(1) to give a method of under standing the real nature of metaphysical entities such as the world, soul and God.

(2) to explore the practical utility of the knowledge of metaphysical realities in the field of religion and ethics.

(3) Critical treatment of illusion related supersensible realities.

(4) To explain the nature of empirical realities.

(5) Question not attempted

34. कौन सत्य के संसक्तता सिद्धान्त को स्वीकार करता है ?

(1) विट्गिन्स्टाइन (2) लॉक
(3) ब्रेडले (4) प्लेटो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. ह्यूम कहता है कि मानवीय तर्कणा या अनुसंधान के विषयों को दो प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है / ये हैं तथ्यात्मक पदार्थ और प्रत्ययों के सम्बन्ध । निम्न में से इनके सम्बन्ध में सत्य है :

| | तथ्यात्मक पदार्थों से सम्बन्धित नियम | प्रत्ययों के सम्बन्ध से सम्बन्धित नियम |
|---|---|---|
| (1) | अनिवार्य सत्य | अनिवार्य सत्य |
| (2) | अनिवार्य सत्य | सम्भाव्य सत्य |
| (3) | सम्भाव्य सत्य | अनिवार्य सत्य |
| (4) | सम्भाव्य सत्य | सम्भाव्य सत्य |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. कांट के अनुसार गणित के नियमों से सम्बन्धित कथन हैं

(1) विश्लेषणात्मक कथन
(2) संश्लेषणात्मक प्रागानुभविक कथन
(3) संश्लेषणात्मक आनुभविक कथन
(4) सम्भाव्य कथन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. टार्स्की के सत्य के अर्थमीमांसीय सिद्धान्त के बारे में निम्न में से असत्य है :

(1) यह स्वीकार करता है कि सत्य संवादिता सिद्धान्त का सार है ।
(2) यह संवादिता सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करता ।
(3) यह तत्त्वमीमांसा के प्रति तटस्थ है ।
(4) इसका उद्देश्य सभी अर्थमीमांसीय अवधारणाओं को भौतिक और/या तार्किक गणितीय अवधारणाओं में समाविष्ट करना है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. Who does accepts the coherence theory of truth ?

(1) Wittgenstein (2) Locke
(3) Bradley (4) Plato
(5) Question not attempted

35. Hume says that all the objects of human reasoning or enquiry may be divided into two kinds – matters of facts and relation of ideas. From the following what is correct about

| | **Principles of matter of fact** | **Principles of relation of ideas** |
|---|---|---|
| (1) | necessarily true | necessarily true |
| (2) | necessarily true | probably true |
| (3) | probably true | necessarily true |
| (4) | probably true | probably true |

(5) Question not attempted

36. According to Kant judgments related to mathematical principles are

(1) analytic judgements
(2) synthetic apriori judgments
(3) synthetic aposteriori judgments
(4) probable judgments
(5) Question not attempted

37. From the following what is wrong about Tarski's semantic theory of truth ?

(1) It accepts that truth is the essence of correspondence theory.
(2) It does not accept correspondence theory of truth.
(3) It is ontologically neutral.
(4) It aims to reduce all semantic concepts to physical and/or logico-mathematical concepts.
(5) Question not attempted

38. किसी कार्य का पर्याप्त कारण उसे कहा जाता है

(1) जिसका सद्भाव होने पर कार्य हो भी सकता है और नहीं भी होता ।

(2) जो कार्य का आकस्मिक कारण है ।

(3) जो कार्य का परम्परा से कारण है ।

(4) जिसके होने पर कार्य अनिवार्यतया उत्पन्न होता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. मिल की वैज्ञानिक अनुसंधान की विधियों में निम्न में से कौन सी विशेषता नहीं है ?

(1) जगत की विभिन्न घटनाओं के मध्य कारण कार्य सम्बन्ध की स्वीकृति

(2) वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रक्रिया के लिये प्राक्कल्पना का निर्माण

(3) आगमनात्मक विधि

(4) प्रकृति में एकरूपता के सिद्धान्त की स्वीकृति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. फ्रांसिस बेकन के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान की विधि है

(1) मात्र आगमनात्मक तर्कणा

(2) मात्र निगमनात्मक तर्कणा

(3) आगमनात्मक और निगमनात्मक तर्कणा

(4) शुद्ध रूप से अन्तःप्रज्ञा पर आधारित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. कांट के अनुसार विश्लेषणात्मक कथन के सन्दर्भ में निम्न में से असत्य है :

(1) यह हमें वस्तु के सम्बन्ध में ज्ञान प्रदान करता है ।

(2) यह हमें वस्तु के सम्बन्ध में ज्ञान प्रदान नहीं करता ।

(3) इसका विधेय पद अनिवार्य रूप से उद्देश्य पद में पहले से अन्तर्निहित होता है ।

(4) इसका निषेध व्याघातक है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. A sufficient cause of an effect is that

(1) in the presence of which an effect may or may not occur.

(2) which is an accidental cause of the effect.

(3) which is a mediate cause of the effect.

(4) in the presence of which effect necessarily occur.

(5) Question not attempted

39. From the following which is not a characteristic of Mill's methods of scientific research ?

(1) Acceptance of cause effect relation between various events of the world.

(2) Creation of a hypothesis for the process of scientific inquiry.

(3) Inductive method.

(4) Acceptance of the principle of uniformity of nature.

(5) Question not attempted

40. According to Francis Bacon the method of scientific research is

(1) only inductive reasoning

(2) only deductive reasoning

(3) inductive and deductive reasoning both

(4) purely based on intuition

(5) Question not attempted

41. Which of the following is false about analytic judgment according to Kant ?

(1) It gives us knowledge about thing.

(2) It does not give us knowledge about thing.

(3) Its predicate is already contained in its subject term.

(4) Its refutation is contradictory.

(5) Question not attempted

42. एक बौद्धिक अवधारणा का अर्थ, उस अवधारणा के सत्य होने पर उसमें अनिवार्यतया अन्तर्निहित समस्त व्यावहारिक परिणामों से निर्धारित होता है। अर्थ के इस सिद्धान्त का प्रतिपादक है :

(1) रैम्ज़े
(2) राइल
(3) ऑस्टिन
(4) पर्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. फिलोसोफिकल इन्वेस्टीगेशन ग्रन्थ में विट्गिन्स्टाइन अर्थ सिद्धान्त को इस प्रकार प्रतिपादित करता है

(1) एक शब्द का अर्थ या तो सरल वस्तु होती है अथवा इन सरल वस्तुओं से निर्मित तार्किक संरचना होती है।
(2) शब्द का अर्थ वस्त्यर्थक होता है।
(3) शब्द का अर्थ एक मानसिक प्रतिमा है तथा बाहरी जगत में इस प्रतिमा के अनुरूप कोई वस्तु नहीं है।
(4) एक शब्द का विभिन्न सन्दर्भों में भिन्न-भिन्न अर्थ में प्रयोग किया जाता है और शब्द के इन विभिन्न अर्थों में पारिवारिक सादृश्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. निम्न में से सही युग्म चुनिये :

वैज्ञानिक नियमों की सत्यापनीयता :

(1) मात्र सैद्धान्तिक रूप से सम्भव है। – विलियम जेम्स
(2) मिथ्यापनीयता की विधि से सम्भव है। – कार्नप
(3) असम्भव है और ये कथन महत्त्वपूर्ण बकवास है। – कार्ल पॉपर
(4) निर्बल अर्थ में सम्भव है। – ए.जे. एयर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. The meaning of an intellectual concept is all the practical consequences might conceivably result by necessity from the truth of that concept. This theory of meaning is propounded by

(1) Ramsey
(2) Ryle
(3) Austin
(4) Peirce
(5) Question not attempted

43. Wittgenstein propounds the theory of meaning in the philosophical investigation as

(1) a word's meaning is either a simple object or a logical construction of these simple objects.
(2) a word's meaning is denotative.
(3) a word's meaning is only a mental image and in external world no corresponding object according to it.
(4) a word is used in different meanings in different contexts and there is a family resemblance in these meanings of a word.
(5) Question not attempted

44. Choose the correct pair from the following : The verification of scientific principles

(1) is only theoretically possible – William James
(2) is possible through the method of falsification – Carnap
(3) is impossible and these principles are important nonsense – Karl Popper
(4) is possible in the weak sense – A.J. Ayer
(5) Question not attempted

45. निम्न में से पाइनकेयर द्वारा क्या स्वीकार नहीं किया गया है ?

(1) वैज्ञानिक नियम मात्र परम्परागत और प्रच्छन्न परिभाषाएँ हैं और विज्ञान हमें सत्य की शिक्षा नहीं दे सकता ।

(2) विज्ञान के अनुभवाश्रित नियम मात्र परम्परागत और प्रच्छन्न परिभाषाएँ नहीं हैं बल्कि इनका संज्ञानात्मक मूल्य है ।

(3) विज्ञान के अनुभवाश्रित सिद्धान्त क्रिया के नियम हैं क्योंकि इनके द्वारा पूर्वानुमान किया जा सकता है और इन पूर्वानुमानों का मिथ्या होना सम्भव है ।

(4) वैज्ञानिक नियमों की पूर्ण सुनिश्चितता की प्राप्ति असम्भव है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. निम्न में से कौन सा वैज्ञानिक तत्त्वमीमांसीय अज्ञेयवाद को स्वीकार करता है ?

(1) चार्ल्स डार्विन
(2) टी.एच. हक्सले
(3) मेयरसन
(4) इनमें से कोई नहीं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. सुकरात के अनुसार ज्ञान के बारे में क्या सही नहीं है ?

(1) ज्ञान व्यक्तिनिष्ठ है ।
(2) ज्ञान वस्तुनिष्ठ है ।
(3) ज्ञान बौद्धिक है ।
(4) ज्ञान सम्प्रत्ययात्मक है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. विट्गिन्स्टाइन के अर्थ के चित्रण सिद्धान्त के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सही नहीं है ?

(1) एक वर्णनात्मक वाक्य ही केवल मात्र सार्थक वाक्य है ।
(2) यह जगत की वस्तुओं का वर्णन करता है ।
(3) यह जगत में स्थित तथ्यों का वर्णन करता है ।
(4) एक सार्थक वाक्य अनिवार्यतया या तो सत्य होता है या असत्य ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. From the following what is not accepted by Poincare ?

(1) Scientific laws are only conventional or disguised definitions and Science cannot teach us the truth.
(2) Empirical laws of science are not simply conventional or disguised definitions, they have a cognitive value.
(3) Empirical laws of Science are rule of action in so for as they predict and predictions are open for falsification.
(4) Absolute certainty of scientific laws is not attainable.
(5) Question not attempted

46. From the following which scientist accepts metaphysical agnosticism :

(1) Charles Darwin
(2) T.H. Huxley
(3) Meyerson
(4) None of these
(5) Question not attempted

47. According to Socrates what is not true about knowledge ?

(1) Knowledge is subjective.
(2) Knowledge is objective.
(3) Knowledge is rational.
(4) Knowledge is conceptual.
(5) Question not attempted

48. From the following what is not correct about Wittgenstein's picture theory of meaning :

(1) A descriptive sentence is the only meaningful sentence.
(2) It describes the object of the world.
(3) It describes the facts of the world.
(4) A meaningful sentence is necessarily either true or false.
(5) Question not attempted

49. प्लेटो प्रस्ताव नहीं करता है

(1) चरित्र की उत्कृष्टता का

(2) वर्गविहीन समाज का

(3) विधि के शासन का

(4) निजी परिवार के उन्मूलन का

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. प्लेटो के अनुसार निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(1) न्याय चार मूल सद्गुणों में से एक है ।

(2) न्याय सर्वोच्च सद्गुण है ।

(3) न्याय शेष तीन सद्गुणों के सामंजस्य का परिणाम है ।

(4) न्याय व्यक्ति का नहीं बल्कि राज्य का सद्गुण है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. अरस्तू के अनुसार सद्गुण

(1) सत्य ज्ञान द्वारा प्राप्य है क्योंकि केवल ज्ञान ही सद्गुण है ।

(2) सतत् अभ्यास द्वारा प्राप्य हैं ।

(3) शक्ति के संचय द्वारा प्राप्य हैं ।

(4) मनुष्य में सहजात हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. निम्नलिखित में से सुकरात के अनुसार क्या सही है ?

(1) ज्ञान सद्गुण के लिए आवश्यक नहीं है ।

(2) ज्ञान सद्गुण के लिए पर्याप्त नहीं है ।

(3) ज्ञान सद्गुण के लिए आवश्यक एवं पर्याप्त है ।

(4) सद्गुण अनेक हैं और ज्ञान उनमें से एक है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. Plato does not propose

(1) Excellence of character

(2) Classless society

(3) Rule of law

(4) Abolition of private families

(5) Question not attempted

50. Which of the following is incorrect according to Plato ?

(1) Justice is one of the four cardinal virtues.

(2) Justice is the highest virtue.

(3) Justice is the result of harmony of other three virtues.

(4) Justice is virtue not of individual but of state.

(5) Question not attempted

51. According to Aristotle, virtues are

(1) attained by gaining true knowledge because knowledge alone is virtue

(2) attained by continuous practice

(3) attained by accumulation of power

(4) innate in man

(5) Question not attempted

52. Which one of the following is correct according to Socrates ?

(1) Knowledge is not necessary for virtue.

(2) Knowledge is not sufficient for virtue.

(3) Knowledge is both necessary and sufficient for virtue.

(4) Virtues are many and knowledge is one amongst them.

(5) Question not attempted

53. जे.एस. मिल का मानना है कि

(1) सुखों में केवल मात्रात्मक भेद होता है।

(2) सुखों में केवल गुणात्मक भेद होता है।

(3) सुखों में मात्रात्मक और गुणात्मक भेद होता है।

(4) सुख वांछनीय, किन्तु अनैतिक होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) समस्त सुखवाद उपयोगितावाद है।

(2) समस्त उपयोगितावाद सुखवाद है।

(3) सिज्विक का मत बौद्धिक उपयोगितावाद कहलाता है।

(4) सुखवाद और उपयोगितावाद परस्पर अनन्य हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. काण्ट के अनुसार नैतिक आदेश

(1) निरपेक्ष आदेश हैं।

(2) सापेक्ष आदेश हैं।

(3) संवेगात्मक निवेदन (अपील) हैं।

(4) सार रूप में निरर्थक हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. बेन्थम सुख-कलन का निर्माण करता है

(1) स्थूल और परिष्कृत सुखवाद में भेद करने के लिए

(2) सुख की वरेण्यता के निर्धारण के लिए

(3) सुख की गुणात्मक श्रेष्ठता पहचानने के लिए

(4) यह निर्धारित करने के लिए कि सुख स्वयं वांछनीय है अथवा नहीं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. J.S. Mill holds that

(1) Pleasures differ only in quantity

(2) Pleasures differ only in quality

(3) Pleasures differs in quantity and in quality

(4) Pleasure is desirable but immoral

(5) Question not attempted

54. Which one of the following statements is correct ?

(1) All hedonism is utilitarianism.

(2) All utilitarianism is hedonism.

(3) Sidgwick's view is called rational utilitarianism.

(4) Hedonism and utilitarianism are mutually exclusive.

(5) Question not attempted

55. According to Kant, moral commands are

(1) a categorical imperative

(2) a hypothetical imperative

(3) an emotional appeal

(4) essentially meaningless

(5) Question not attempted

56. Bentham formulates hedonistic calculus to

(1) differentiate between gross and refined hedonism

(2) ascertain the preferablity of pleasure

(3) identify the quality of pleasure

(4) ascertain whether pleasure is itself desirable or not

(5) Question not attempted

57. काण्ट के अनुसार
(1) देश और काल के परे कोई सत्ता नहीं है ।
(2) काल और देश की वास्तविक सत्ता है ।
(3) वस्तु–स्वयं में अवधारणात्मक है, किन्तु ज्ञेय नहीं ।
(4) प्रपञ्च (फेनोमिना) का ज्ञान सम्भव नहीं है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. नैतिकता का सौन्दर्य संवृत्ति सिद्धान्त आधारित है
(1) नैतिक शून्यवाद पर
(2) नैतिक अंत:प्रज्ञावाद पर
(3) नैतिक बुद्धिवाद पर
(4) नैतिक परिणामवाद पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. "नैतिकता वास्तविक मानवीय शुभ के उन्नयन में निहित है, किन्तु शुभ वह है, सुख जिसका केवल एक तत्त्व है ।" – यह कथन असंगत है
(1) सुखवाद से
(2) काण्टीय नीतिशास्त्र से
(3) पूर्णतावाद से
(4) अंत: प्रज्ञावाद से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. जी.ई. मूर के अनुसार, शुभ नहीं है
(1) सरल (2) अविश्लेष्य
(3) परिभाष्य (4) विशिष्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. सुख का विरोधाभास, स्थापित करने का प्रयास करता है कि
(1) सुख कामना का मनोवैज्ञानिक विषय है ।
(2) सुख की अपेक्षा सामाजिक स्वास्थ्य अधिक वांछनीय है ।
(3) स्वार्थवाद और परार्थवाद सदैव परस्पर असंगत हैं ।
(4) सुख के प्रति आवेग, अत्यधिक प्रबल होने पर अपने लक्ष्य का ह्रास करता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. According to Kant
(1) There is no reality beyond space and time
(2) There is real existence of time and space
(3) Thing-in-itself is conceivable but not knowable
(4) Phenomena cannot be known
(5) Question not attempted

58. Aesthetic sense theory of morality rests upon
(1) Moral Nihilism
(2) Moral Intuitionism
(3) Moral Rationalism
(4) Moral Consequentialism
(5) Question not attempted

59. "Morality consists in the promotion of true human good, but a good of which pleasure is only an element" – This statement is inconsistent with
(1) Hedonism (2) Kantian Ethics
(3) Endaemonism (4) Intuitionism
(5) Question not attempted

60. According to G.E. Moore, Good is not
(1) Simple
(2) Unanalysable
(3) Definable
(4) Unique
(5) Question not attempted

61. Paradox of hedonism tends to establish
(1) pleasure is a psychological object of desire
(2) social health is more desirable than pleasure
(3) Egoism and Altruism are always mutually incompatible
(4) The impulse towards pleasure, if too predominant, defeats its own aim.
(5) Question not attempted

62. निम्नलिखित में से क्या दण्ड के प्रतिकारात्मक सिद्धान्त से असंगत है ?

(1) दण्ड अपराधी के द्वारा अर्जित एक नकारात्मक पुरस्कार है ।

(2) दण्ड स्वयं में एक साध्य है, न कि स्वयं से परे किसी अन्य साध्य हेतु साधन ।

(3) समाज में अपराध की रोकथाम के लिए दण्ड दिया जाता है ।

(4) दण्ड की माँग है दाँत का बदला दाँत और आँख का बदला आँख ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. रिचर्ड एम. हेयर के अनुसार, नैतिक निर्णय हैं

(1) न ही पूर्णतया तथ्यात्मक और न ही निरर्थक

(2) न ही संवेगात्मक और न ही परामर्शात्मक

(3) न ही सत्तात्मक और न ही सार्वभौमिकरणीय

(4) न ही स्वतंत्र निर्णय और न ही बौद्धिक निर्णय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. निम्न में कौन सा नैतिक दार्शनिक अंत:प्रज्ञावादी नहीं है ?

(1) जी.ई. मूर (2) डब्ल्यू.डी. रॉस

(3) मार्टिन्यू (4) ए.जे. एयर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. संवेगवाद के अनुसार

(1) नैतिक निर्णय नैतिक गुणों का वर्णन होते हैं ।

(2) नैतिक निर्णय भावनाओं और अभिवृत्तियों को व्यक्त अथवा जागृत करने का प्रयास करते हैं ।

(3) नैतिक निर्णय आनुभविक रूप से सत्यापनीय होते हैं ।

(4) नैतिक निर्णय स्वभावतया निरपेक्ष आदेश होते हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. Which of the following is inconsistent with retributive theory of punishment ?

(1) Punishment is a negative reward earned by the criminal

(2) Punishment is an end in itself, not a means to any end beyond itself

(3) Punishment is awarded to check crime in society

(4) Punishment demands tooth for a tooth and eye for an eye

(5) Question not attempted

63. According to Richard M. Hare, moral judgements are

(1) Neither purely factual nor meaningless

(2) Neither emotive nor prescriptive

(3) Neither existential nor universalisable

(4) Neither free judgments nor rational judgements

(5) Question not attempted

64. Which of the following moral philosophers is <u>not</u> an intuitionist ?

(1) G.E. Moore (2) W.D. Ross

(3) Martineau (4) A.J. Ayer

(5) Question not attempted

65. According to Emotivism :

(1) Moral judgments are descriptions of moral qualities

(2) Moral judgments tend to express or arouse feelings and attitudes

(3) moral judgments are empirically verifiable

(4) moral judgments are of the nature of categorical imperative

(5) Question not attempted

66. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?

(1) निगमनात्मक तर्क तभी वैध है जब सभी आधार-वाक्य यदि सत्य हैं, तो निष्कर्ष की सत्यता के लिए निर्णायक आधार प्रस्तुत करते हैं।

(2) आगमनात्मक तर्क वह है जिसका निष्कर्ष अपने आधार-वाक्यों से संभाव्य रूप से निकलता है।

(3) वैधता और अवैधता दोनों प्रकार के तर्कों पर लागू होते हैं।

(4) वैध निगमनात्मक तर्क का निष्कर्ष अपने आधार वाक्यों में पहले से अन्तर्निहित होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. एक निगमनात्मक वाक्य अवैध होता है, जब

(1) आधार-वाक्य सत्य एवं निष्कर्ष असत्य हो।

(2) आधार-वाक्य एवं निष्कर्ष दोनों असत्य हों।

(3) आधार-वाक्य असत्य है व निष्कर्ष सत्य हो।

(4) आधार-वाक्य एवं निष्कर्ष दोनों सत्य हों।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. नीतिशास्त्र में प्रकृतिवादी दोष :

(1) शुभ की किसी भी परिभाषा का खण्डन करने का प्रयास करता है।

(2) शुभ की परिभाषा के प्रति किसी भी चुनौती पर प्रश्न चिह्न खड़ा करने का प्रयास करता है।

(3) शुभ को प्राकृतिक गुणों के रूप में परिभाषित करने का प्रयास करता है।

(4) बताता है कि शुभ एक प्राकृतिक गुण है, जिसे परिभाषित नहीं किया जा सकता।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. Which of the following statements is not correct ?

(1) A deductive argument is valid when its premises if true, do provide conclusive ground for the truth of its conclusion.

(2) An inductive argument is one whose conclusion is claimed to follow from its premises only with probability.

(3) Validity and invalidity are applicable on both kinds of arguments.

(4) The conclusion of a valid deductive argument is implicit in its premises.

(5) Question not attempted

67. A deductive argument is invalid if

(1) Its premises are all true but its conclusion is false.

(2) Its premises and conclusion both are false.

(3) Its premises are all false but conclusion is true.

(4) Its premises and conclusion both are true.

(5) Question not attempted

68. The 'Naturalistic fallacy', in ethics

(1) tends to refute any definition of good

(2) tends to question any challenge to the definition of good

(3) tends to define good in terms of natural properties

(4) states that good is a natural property which cannot be defined

(5) Question not attempted

69. निम्नलिखित तर्क वाक्यों में दो इस तरह जुड़े हुए हैं कि वे दो एक साथ सत्य हो सकते हैं लेकिन दोनों एक साथ असत्य नहीं हो सकते हैं । वे तर्क वाक्य कौन से हैं ? सही कूट का चयन कीजिए ।

तर्क वाक्य :

(अ) कुछ विद्यार्थी ईमानदार होते हैं ।
(ब) कोई विद्यार्थी ईमानदार नहीं होते हैं ।
(स) सभी विद्यार्थी ईमानदार होते हैं ।
(द) कुछ विद्यार्थी ईमानदार नहीं होते है ।

**कूट :**

(1) (अ) और (ब) (2) (स) और (द)
(3) (अ) और (स) (4) (अ) और (द)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. किस आकृति में मध्य पद दोनों आधार-वाक्यों का उद्देश्य पद है ?

(1) I (2) II
(3) III (4) IV
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. यह वेन रेखाचित्र कौन सी अवस्था और आकार चित्रित करता है ?




(1) AAE – I (2) EAE – II
(3) AEE – IV (4) AAA – I
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. आई (I) प्रतिज्ञप्ति हेतु निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है ?

(1) उद्देश्य एवं विधेय दोनों पद अव्याप्त होते हैं ।
(2) उद्देश्य पद व्याप्त होते हैं लेकिन विधेय पद अव्याप्त होते हैं ।
(3) उद्देश्य पद अव्याप्त होते हैं वही विधेय पद व्याप्त होते हैं ।
(4) उद्देश्य एवं विधेय दोनों पद व्याप्त होते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. Among the following propositions two are related in such a way that they can both be true but they cannot be false together. Which are those propositions ? Select the correct code :

Propositions –

A. Some students are honest.
B. No students are honest.
C. All students are honest.
D. Some students are not honest.

**Codes :**

(1) A and B (2) C and D
(3) A and C (4) A and D
(5) Question not attempted

70. In which figure, the middle term is subject term of both the premises ?

(1) I (2) II
(3) III (4) IV
(5) Question not attempted

71. This Venn diagram of categorical syllogism exhibits the mood & figure.




(1) AAE – I (2) EAE – II
(3) AEE – IV (4) AAA – I
(5) Question not attempted

72. For I proposition, which of the following is true ?

(1) Subject and predicate both terms are undistributed.
(2) Subject term is distributed but predicate term is not distributed.
(3) Subject term is not distributed but predicate term is distributed.
(4) Both subject and predicate terms are distributed.
(5) Question not attempted

73. जब यह युक्ति दी जाती है कि कोई तर्कवाक्य इस आधार पर असत्य है क्योंकि उसे सत्य सिद्ध नहीं किया गया, तो कौन सा तर्कदोष होगा ?

(1) लोकोत्तेजक युक्ति
(2) छल प्रश्न
(3) श्रद्धामूलक युक्ति
(4) अज्ञानमूलक युक्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. निम्नलिखित न्याय वाक्य का तर्कदोष बतायें :
कुछ स्पेनियल कुत्ते अच्छे शिकारी नहीं है ।
सभी स्पेनियल कुत्ते अच्छे कुत्ते हैं ।
